## आकाशवाणी शिमला

## 24.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

**अमित शाह**

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। यह नीति एक प्रमुख सुधार पहल है जिससे अगले दो दशक 2025 से 2047 तक भारत का सहकारिता आंदोलन निर्देशित होगा। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार नई नीति का उद्देश्यप सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और इसे सहकार से समृद्धि लक्ष्य के अनुरूप बनाना है।

**बैठक स्थगित**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक स्थगित हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से कल इस संबंध में पत्र जारी किया गया। मंत्रिमंडल की बैठक की नई तिथी अभी घोषित नहीं की गई है।

**केंद्रीय दल**

प्रदेश में बढ़ती बादल फटने की घटनाओं का अध्ययन करने के लिए केंद्रीय टीम कल शिमला पहुंची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों के बाद गठित की गई यह टीम 26 जुलाई तक प्रदेश के दौरे पर रहेगी। केंद्रीय टीम आज शिमला में अधिकारियों के साथ बैठक करेगीं जबकि कल आपदा प्रभावित मंडी जिला के दौरे पर रहेगी। इस दौरान केंद्रीय टीम जिले के भारी वर्षा, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों मे नुकसान का आकलन करेगी।

**ट्रेनी योजना**

प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं ने राज्य सरकार की जॉब ट्रेनी योजना का पुरज़ोर विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अनुबंध आधार पर नौकरियां खत्म कर ट्रेनी के तौर पर नई भर्तियां करने का फैसला लिया है और 2 साल बाद फिर से परीक्षा ली जाएगी। बेरोज़गारों ने सरकार की इस योजना को युवाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की हैं

***एक तो आप पहले ही पिछले तीन साल से कोई रोजगार सरकारी क्षेत्र में उस तरह से युवाओं को नहीं दे पाए हैं, और उसके बाद कांट्रैक्ट पॉलिसी को खत्म करके आप जो है ट्रेनी पीरियड के आधार पर जो है लोगों को रखेंगे और दो साल के बाद आप द्वारा उसको परखेंगे। उसकी आप परीक्षा द्वारा लेंगे यानी आप जो है उसका एग्जामिनेशन टेस्ट लेंगे हम किसी भी हालात में इस पॉलिसी को नहीं मानने वाले हैं ये सरेआम हिमाचल प्रदेश के यूथ से खिलवाड़ है सरकार जब तक इस पॉलिसी को रोल बैक नहीं करती हम जो है आने वाले टाइम में सड़कों में एजुकेशन प्लान के ऊपर जाएंगे। बेरोजगारों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है इसमें सरकार नौकरियां देना ही नहीं चाहती। जो भी सरकार नौकरियां दे रही है वो जो कुछ दे रही है वो आउटसोर्स के माध्यम से दे रही है और इसमें भी हम लोगों का शोषण किया जा रहा है।***

**प्रसार भारती**

प्रसार भारती ने देशभर के सभी समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों को अपने न्यूजवायर प्लेटफॉर्म, प्रसार भारती शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट और डिसेमिनेशन पीबी–शब्द पर पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया है। इससे उन्हें उच्च–गुणवत्ता वाली समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए लोग अपने सुझाव माई गोव या टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 पर 25 जुलाई तक रिकार्ड करवा  सकते हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून की रफतार धीमी पड़ गई है और अधिकांश क्षेत्रों में आज धूप खिली हुई है। मौसम साफ होने से लोगों ने राहत की सांस ली है और प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाई जाएगी। राज्य में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित

3 सौ 44 सड़कें अवरूद्ध है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने जबकि 27 जुलाई से मॉनसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से :-**

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है–**जॉब ट्रैनी की दो साल मे सीखे काम के आधार पर ही होगी परीक्षा–नामित ऐजेंसी तय करेगी परीक्षा का स्वरूप और पाठयक्रम।**

**हिमाचल दस्तक की सुर्खी है**–कांगडा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मांगी–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा पत्र।

मौसम से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर का शीर्षक **मॉनसून सीजन में अब तक बादल फटने की 24 घटनाएं एक हजार 3 सौ 82 करोड़ रूपए का नुकसान।**

———————————————